1077

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION - 2025

# माध्यमिक स्कूल परीक्षा - 2025

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code
**G**

( ANNUAL / वार्षिक )

-106-
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

# SIL - HINDI ( NLH )

## द्वितीय भारतीय भाषा - हिन्दी

विषय कोड :
**Subject Code :**

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
**Total Questions : 100 + 6 = 106**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

कुल मुद्रित पृष्ठ : 32
**Total Printed Pages : 32**

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
6. ***खण्ड-अ** में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये **OMR** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को नीले / **काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।***
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें । 50 × 1 = 50

1. 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ में, माँ को कल रात से क्या हुआ है ?

(A) पेट दर्द (B) खाँसी

(C) गले का दर्द (D) मलेरिया

2. 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ के अनुसार 3 जनवरी, 97 का दिन कैसा रहा ?

(A) खेलने का (B) पिकनिक का

(C) गाने का (D) पढ़ने का

3. ''जब-जब आता पंछी तरु पर जब-जब आता पंछी उड़कर जब-जब खाता फल चुन-चुनकर'' - ये पंक्तियाँ किस शीर्षक कविता की हैं ?

(A) खुशबू रचते हैं हाथ की (B) सुदामा चरित की

(C) बच्चे की दुआ की (D) पीपल की



BiharboardQuestionpaper.com

4. लेखक शिवपूजन सहाय के अनुसार कामिनी-कंचन का त्याग करके गृहस्थाश्रम में ही संन्यासी कौन बने रहे ?

(A) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (B) जयशंकर प्रसाद

(C) गोपाल सिंह 'नेपाली' (D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

5. 'खेमा' शीर्षक कहानी में "क्यों खेमा, तुझे तेरे सेठजी कितने रुपए देते हैं ?" यह किसने पूछा ?

(A) पिता ने (B) लेखक ने

(C) माँ ने (D) दुकानदार ने

6. 'दीनबन्धु निराला' शीर्षक पाठ के लेखक का नाम क्या है ?

(A) बेढब बनारसी (B) आचार्य शिवपूजन सहाय

(C) गोपाल सिंह 'नेपाली' (D) फणीश्वरनाथ 'रेणु'

7. 'खेमा' शीर्षक कहानी में सुबह की ग्राहकी के समय चाय कौन बनाता था ?

(A) खेमा (B) खेमा की माता

(C) कसारा (D) खेमा के पिता

8. 'उभरी नसोंवाले हाथ घिसे नाखूनों वाले हाथ' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) तू जिन्दा है तो ......... (B) बच्चे की दुआ

(C) खुशबू रचते हैं हाथ (D) सुदामा चरित



BiharboardQuestionpaper.com

9. किस वर्ष के आम चुनाव में कर्पूरी ठाकुर सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर भारी बहुमत से विजयी रहे ?

(A) 1950 ई० (B) 1951 ई०

(C) 1952 ई० (D) 1953 ई०

10. 'जननायक कर्पूरी ठाकुर' शीर्षक पाठ के अनुसार दरभंगा जेल में कुव्यवस्था के खिलाफ किसने कैदियों को संगठित करना शुरू किया ?

(A) कर्पूरी ठाकुर ने (B) जगजीवन राम ने

(C) राजेन्द्र प्रसाद ने (D) जयप्रकाश नारायण ने

11. निम्नलिखित में अल्पप्राण व्यंजन कौन है ?

(A) क (B) ख

(C) थ (D) घ

12. हिंदी में कितने वर्ण हैं ?

(A) 50 (B) 51

(C) 52 (D) 53

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..

13. 'शौकीन' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) इन (B) ईन

(C) न (D) न्



BiharboardQuestionpaper.com

14. 'पहाड़' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) पहाड़ीन (B) पहड़ी

(C) पहाड़ी (D) पिहाड़ी

15. 'वीणापाणि' शब्द कौन समास है ?

(A) बहुव्रीहि (B) अव्ययीभाव

(C) द्विगु (D) द्वंद्व

16. 'चमन' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) आग (B) बाग

(C) जमीन (D) जुल्म

17. 'बुरी है आग पेट की, बुरे हैं दिल के दाग; ये' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) कबीर के पद की (B) पीपल की

(C) तू जिन्दा है तो .......... की (D) खुशबू रचते हैं हाथ की

18. 'ईदगाह' शीर्षक कहानी में नमाज खत्म होने के बाद लोग क्या कर रहे थे ?

(A) हँस रहे थे । (B) आपस में गले मिल रहे थे ।

(C) रेवड़ी खा रहे थे । (D) गाना गा रहे थे ।



BiharboardQuestionpaper.com

19. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' रचित कविता निम्नलिखित में से कौन है ?

(A) पीपल
(B) बच्चे की दुआ
(C) कर्मवीर
(D) झाँसी की रानी

20. 'विभव' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) डर
(B) बहुत
(C) प्रयास
(D) ऐश्वर्य

21. 'जीभ' शब्द क्या है ?

(A) तत्सम
(B) तद्भव
(C) देशज
(D) विदेशज

22. 'सेठ' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

(A) सेठीन
(B) सेठनाइन
(C) सेठानी
(D) सेठनी

23. 'लड़का' शब्द का बहुवचन क्या है ?

(A) लड़कनी
(B) लड़केन
(C) लड़के
(D) लड़कान



BiharboardQuestionpaper.com

24. संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के अन्य शब्दों के साथ उनका संबंध सूचित हो, उसे क्या कहते हैं ?

(A) समास (B) कारक

(C) वचन (D) लिंग

25. 'पेड़ से फल गिरा ' - किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संप्रदान कारक (B) अपादान कारक

(C) संबोधन कारक (D) संबंध कारक

26. 'नायक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

(A) नायीका (B) नायिकी

(C) नायिका (D) नायका

27. 'उसने कुछ नहीं खाया' - किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निश्चयवाचक (B) निजवाचक

(C) संबंधवाचक (D) अनिश्चयवाचक

28. 'जाति' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) जातें (B) जातीय

(C) जातिया (D) जातिने

29. 'उसका सिर खुजलाता है ।' - किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) सकर्मक (B) अकर्मक

(C) द्विकर्मक (D) संयुक्त



BiharboardQuestionpaper.com

**G**

30. 'रमेश आ रहा होगा ।' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) भूतकाल (B) भविष्यत काल

(C) वर्तमान काल (D) इनमें से कोई नहीं

31. 'राह भटके हिरन के बच्चे को' शीर्षक कविता के अनुसार सुनहरी किरणें किसे छुएँगी ?

(A) जंगल के पत्तों को (B) हिरन को

(C) हिरन की माँ को (D) रात को

32. 'पीपल' शीर्षक कविता के अनुसार रातभर रो-रोकर कौन भोर कर देता है ?

(A) मोर (B) तोता

(C) चकोर (D) कौआ

33. 'ईदगाह' शीर्षक कहानी में सभी खिलौने कितने पैसे के हैं ?

(A) तीन-तीन पैसे के (B) चार-चार पैसे के

(C) दो-दो पैसे के (D) एक-एक पैसा के

34. कवि 'हरिऔध' के अनुसार असंभव को भी संभव कौन कर दिखाता है ?

(A) धर्मवीर (B) आलसी

(C) कामचोर (D) कर्मवीर

35. विक्रमशीला विश्वविद्यालय का आविर्भाव किस राजा के संरक्षण में हुआ ?

(A) रामपाल (B) कुमारपाल

(C) धर्मपाल (D) मदनपाल



BiharboardQuestionpaper.com

36. 'विक्रमशीला' शीर्षक पाठ के अनुसार 'पद्मपाणि एवं मैत्रेय' की प्रतिमा कहाँ मिली है ?

(A) विक्रमशीला विश्वविद्यालय के खनन में

(B) पर्वत पर

(C) गुफा में

(D) राजमहल में

37. 'राह भटके हिरन के बच्चे को' शीर्षक कविता में हिरन का छोटा बच्चा किस कारण अपनी माँ से बिछुड़ जाता है ? biharboardquestionpaper.com

(A) घास चरने के कारण
(B) पहाड़ पर चढ़ने के कारण

(C) सोते रहने के कारण
(D) खेल में मस्त होने के कारण

38. 'वसुधा' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) जंगल
(B) पठार

(C) पृथ्वी
(D) गगन

39. 'खेमा' शीर्षक पाठ में जलते पैरों पर पानी गिरने से किसको क्षणिक तसल्ली मिलती थी ?

(A) कसारा को
(B) खेमा को

(C) लेखक को
(D) क्लिनिक के मालिक को



BiharboardQuestionpaper.com

40. 'जननायक कर्पूरी ठाकुर' शीर्षक पाठ के अनुसार सचिवालय के लिफ्ट के ऊपर क्या लिखा हुआ था ?

(A) "Only for officers"
(B) कर्मचारियों के लिए
(C) मंत्री के लिए
(D) मेहमानों के लिए

41. बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ कब शुरू होती थीं ?

(A) कातिक महीने से
(B) अगहन महीने से
(C) पूस महीने से
(D) माघ महीने से

42. बालगोबिन भगत सिर में क्या पहनते थे ?

(A) गाँधी टोपी
(B) कनफटी टोपी
(C) नेपाली टोपी
(D) कलापुरी टोपी

43. राँची से हुंडरू कितना मील दूर है ?

(A) 23 मील
(B) 24 मील
(C) 27 मील
(D) 25 मील



BiharboardQuestionpaper.com

44. लेखक कामता प्रसाद सिंह 'काम' के अनुसार किस स्थान के निवासी सादगी के अवतार और गरीबी की मूर्ति थे ?

(A) पंजाब के (B) दिल्ली के

(C) हरियाणा के (D) छोटानागपुर के

45. हुंडरू के झरने की ऊँचाई कितनी है ?

(A) 244 फुट (B) 243 फुट

(C) 240 फुट (D) 241 फुट

46. "मेरी भव बाधा हरौ राधा नागरि सोय । जा तन की झांई परै स्यामु हरित दुति होय ।।" ये पंक्तियाँ किस शीर्षक कविता से उद्धृत हैं ?

(A) झाँसी की रानी से (B) बिहारी के दोहे से

(C) सुदामा चरित से (D) खुशबू रचते हैं हाथ से

47. 'राँचै' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) व्यर्थ (B) बेकार

(C) प्रसन्न (D) चेतना

48. 'ठेस' शीर्षक पाठ में, काकी की सबसे छोटी बेटी का नाम क्या है ?

(A) मोनी (B) सोनी

(C) माया (D) मानू



BiharboardQuestionpaper.com

49. 'ठेस' शीर्षक कहानी में भज्जू महाजन किस टोले के हैं ?

(A) ब्राह्मण टोले के
(B) महाजन टोले के
(C) चौधरी टोले के
(D) कारीगर टोले के

50. मो० इकबाल रचित पठित कविता में 'गरीबों की भलाई करने की प्रार्थना' कौन कर रहे हैं ?

(A) बच्चे
(B) बूढ़े
(C) युवा
(D) इनमें से कोई नहीं

51. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम है।
(B) आपका भवदीय।
(C) हमारे शिक्षक प्रश्न पूछते हैं।
(D) हम तो अवश्य जाएँगे।

52. 'पृथ्वी' का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) चारु
(B) भारती
(C) वनिता
(D) इला

53. 'उत्थान' शब्द का विलोम रूप है

(A) पतन
(B) आगमन
(C) आगम
(D) अतुकांत

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..
BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

54. 'नहीं मरनेवाला' - के लिए एक शब्द है

(A) अज्ञ
(B) अमर
(C) सर्वज्ञ
(D) अनुपम

55. 'अंधे की लकड़ी' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) अन्याय
(B) बुद्धिभ्रष्ट होना
(C) एक ही सहारा
(D) स्नेह से लिपटा लेना

56. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) हिंदु
(B) ऐतिहासिक
(C) दाइत्व
(D) पुष्टी

57. 'ङ, ञ, ण, न, म' – कौन वर्ण हैं ?

(A) निरनुनासिक
(B) अनुनासिक
(C) अनुस्वार
(D) विसर्ग

58. 'निष्पाप' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) निष् + पाप
(B) निष्पा + प
(C) निः + पाप
(D) नि + ष्पाप


BiharboardQuestionpaper.com

**G**

59. 'द' वर्ण का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) तालु

(B) ओष्ठ

(C) दंत

(D) मूर्द्धा

60. निम्नलिखित में एकमात्रिक स्वर कौन है ?

(A) आ

(B) ई

(C) अ

(D) ऊ

61. 'मुमकिन' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) नतीजा

(B) इन्तजाम

(C) इंतजार

(D) संभव

62. 1970 एवं 1977 में बिहार के मुख्यमंत्री कौन थे ?

(A) कृष्णवल्लभ सहाय

(B) बिन्देश्वरी प्रसाद मंडल

(C) जननायक कर्पूरी ठाकुर

(D) महामाया प्रसाद सिन्हा



BiharboardQuestionpaper.com

63. कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान के अनुसार वीर शिवाजी की गाथाएँ किसको जुबानी याद थीं ?

(A) पुतलीबाई को (B) रमाबाई को

(C) रानी लक्ष्मीबाई को (D) श्यामाबाई को

64. "बुझा दीप झाँसी का तब डलहौजी मन में हरषाया,

राज्य हड़प करने का उसने यह अच्छा अवसर पाया,"

– ये पंक्तियाँ किस शीर्षक कविता की हैं ?

(A) सुदामा चरित की (B) झाँसी की रानी की

(C) खुशबू रचते हैं हाथ की (D) बच्चे की दुआ की

65. 'चिकित्सा का चक्कर' शीर्षक पाठ के लेखक का नाम क्या है ?

(A) रामवृक्ष बेनीपुरी (B) आचार्य शिवपूजन सहाय

(C) बेढब बनारसी (D) फणीश्वरनाथ 'रेणु'

66. 'चिकित्सा का चक्कर' शीर्षक पाठ में बेढब बनारसी की उम्र क्या है ?

(A) पैंतीस वर्ष (B) छत्तीस वर्ष

(C) सैंतीस वर्ष (D) अड़तीस वर्ष



BiharboardQuestionpaper.com

67. 'चिकित्सा का चक्कर' शीर्षक पाठ में बाग़ बाजार का रसगुल्ला किसके यहाँ से आया था ?

(A) 'गुप्ता'जी के यहाँ से
(B) 'साहू' जी के यहाँ से
(C) 'सेन' साहब के यहाँ से
(D) 'प्रसाद' जी के यहाँ से

68. कवि नरोत्तमदास के अनुसार सुदामा की दीन दशा देखकर कौन रोये ?

(A) श्रीराम
(B) इन्द्र
(C) श्रीकृष्ण
(D) बलराम

69. 'जोये' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) उसे
(B) जिसे
(C) उन्हें
(D) जो

70. सुदामा और कृष्ण क्या थे ?

(A) भाई-भाई
(B) पिता-पुत्र
(C) दास-स्वामी
(D) बाल-सखा

71. किस शीर्षक कविता में संसार को बेहतर बनाने की कामना मुखर हुई है ?

(A) राह भटके हिरण के बच्चे को
(B) कर्मवीर
(C) बिहारी के दोहे
(D) बच्चे की दुआ



BiharboardQuestionpaper.com

72. वंशीधर श्रीवास्तव रचित पठित एकांकी में शस्त्र-सज्जित सम्राट अशोक कहाँ बैठे हैं ?

(A) घोड़े पर
(B) हाथी पर
(C) रथ पर
(D) परकोटे पर

73. लेखक रामधारी सिंह 'दिनकर' के अनुसार कौन सबसे पहले उसी को जलाती है, जिसके हृदय में उसका जन्म होता है ?

(A) ईर्ष्या
(B) करुणा
(C) निंदा
(D) प्रशंसा

74. 'ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से' शीर्षक पाठ में सीजर किससे स्पर्धा करता था ?

(A) हरक्यूलिस से
(B) सिकंदर से
(C) नेपोलियन से
(D) सेल्यूकस से

75. 'ध्येय' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) वरदान
(B) तंग
(C) लक्ष्य
(D) ऊँचा

76. जिस भक्तिधारा में ईश्वर के निराकार स्वरूप की आराधना की जाती है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) सगुण भक्तिधारा
(B) कृष्ण भक्तिधारा
(C) राम भक्तिधारा
(D) निर्गुण भक्तिधारा



BiharboardQuestionpaper.com

77. 'विक्रमशीला' शीर्षक पाठ के अनुसार तिब्बत में बौद्ध धर्म का प्रचार किसने किया ?

(A) रत्नसंभव ने
(B) अतिश दीपंकर ने
(C) तिष्यरक्षित ने
(D) रानी खेमा ने

78. 'विक्रमशीला' शीर्षक पाठ के अनुसार साढ़े चार फीट की भूमि स्पर्श मुद्रा में किसकी प्रतिमा प्राप्त हुई है ?

(A) भगवान बुद्ध की
(B) चन्द्रगुप्त मौर्य की
(C) सम्राट अशोक की
(D) बर्द्धमान महावीर की

79. विक्रमशीला विश्वविद्यालय में कितने छात्र रहते थे ?

(A) आठ हजार
(B) दस हजार
(C) बीस हजार
(D) पंद्रह हजार

80. 'शील' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) देन
(B) प्रतिष्ठा
(C) चरित्र
(D) लोकप्रिय



BiharboardQuestionpaper.com

81. किसी भाषा के मूलशब्द को क्या कहते हैं ?

(A) तद्भव (B) देशज

(C) तत्सम (D) विदेशज

82. 'कीमत' शब्द क्या है ?

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशज

83. रचना या बनावट की दृष्टि से शब्द के कितने भेद होते हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

84. "वह शब्दांश, जो किसी शब्द के अंत में जोड़ा जाता है," उसे क्या कहते हैं ?

(A) उपसर्ग (B) रूढ़

(C) प्रत्यय (D) यौगिक

85. 'अमोल' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) अम (B) अमो

(C) अमु (D) अ



BiharboardQuestionpaper.com

**G**

86. 'गायक' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) क (B) यक

(C) अक (D) यक्

87. 'इच्छा' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) इच्छिक (B) इच्छित

(C) ऐच्छिक (D) इच्छी

88. 'गोशाला' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय समास (B) अव्ययीभाव समास

(C) द्विगु समास (D) तत्पुरुष समास

89. 'दैव का मारा वह' - कौन पदबंध है ?

(A) संज्ञा-पदबंध (B) विशेषण-पदबंध

(C) सर्वनाम-पदबंध (D) क्रिया-पदबंध

90. 'बिजली चमकती है' - किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) सरल वाक्य का (B) मिश्र वाक्य का

(C) संयुक्त वाक्य का (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

91. निम्नलिखित में द्विमात्रिक स्वर कौन है ?

(A) अ
(B) ई
(C) ए
(D) उ

92. 'च' वर्ण का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) कंठ
(B) मूर्द्धा
(C) तालु
(D) दंत

93. 'य, र, ल, व' - कौन व्यंजन हैं ?

(A) अंतःस्थ
(B) ऊष्म
(C) स्पर्श
(D) द्विगुण

94. निम्नलिखित में घोष वर्ण कौन है ?

(A) ट
(B) ठ
(C) ड
(D) त

95. दो वर्णों के मेल से होनेवाले विकार को क्या कहते हैं ?

(A) संज्ञा
(B) ध्वनि
(C) वचन
(D) संधि


BiharboardQuestionpaper.com

96. 'शिवालय' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) शिवा + लय
(B) शिवाल + य
(C) शिव + आलय
(D) शि + वालय

97. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) पुण्य
(B) बृज
(C) बुढा
(D) भष्म

98. निम्नलिखित में प्रश्नवाचक चिह्न कौन है ?

(A) ?
(B) ।
(C) !
(D) ,

99. 'कौआ' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक
(B) जातिवाचक
(C) भाववाचक
(D) द्रव्यवाचक

100. 'दया' शब्द कौन लिंग है ?

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है। 5 × 2 = 10

(क) महात्मा गाँधी का पूरा नाम 'मोहनदास करमचंद गाँधी' था। इनका जन्म 2 अक्टूबर, 1869 ई० को पोरबंदर नामक ग्राम में हुआ था। इनके पिता का नाम करमचंद गाँधी और माता का नाम पुतलीबाई था। इन्होंने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह को अस्त्र बनाकर दक्षिण अफ्रीका में रहनेवाले अप्रवासी भारतीयों का कल्याण किया। फिर बाद में उसी आधार पर, भारत को भी अँग्रेजों की दासता से मुक्त कराया। 'बुरा मत बोलो, बुरा मत सुनो और बुरा मत देखो' के सिद्धान्त पर चलनेवाला, सत्य, अहिंसा का यह पुजारी 30 जनवरी, 1948 को संसार से विदा हो गया। हमें इनके आदर्शों पर चलना चाहिए। biharboardquestionpaper.com

(i) महात्मा गाँधी का पूरा नाम क्या था ?

(ii) महात्मा गाँधी का जन्म कब हुआ था ?

(iii) महात्मा गाँधी के माता-पिता का नाम क्या था ?

(iv) महात्मा गाँधी ने दक्षिण अफ्रीका में क्या किया ?

(v) गाँधी जी के सिद्धान्त क्या थे ? इनकी मृत्यु किस वर्ष हुई ?



BiharboardQuestionpaper.com

G

(ख) मानव जीवन में दुःख भले ही पीड़ादायी हो; लेकिन वह स्थायी नहीं है, बल्कि वह सुख का जन्मदाता भी है । जब व्यक्ति पर दुःख का कहर टूटता है तो वह विचलित हो उठता है । लेकिन उसे जानना चाहिए कि प्रकृति की हर वस्तु की तरह दुःख भी परिवर्तनशील है । वह निश्चय ही बदलेगा और फिर उसी दुःख में से ही सुख की कोई नई राह बनेगी । दुःख एक काली रात की तरह है, जिसमें अगली नई सुबह का उजाला फूटता ही फूटता है । इसलिए दुःख नए सुख का संदेश लेकर आता है । दुःख की काली रजनी के 'बीच' से ही सुख विकसित होता है ।

(i) मानव जीवन के लिए दुःख क्या है ?

(ii) दुःखी मानव के लिए क्या जानना आवश्यक है ?

(iii) मनुष्य विचलित कब होता है ?

(iv) दुःख किसकी तरह है ?

(v) सुख कैसे विकसित होता है ?

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..



BiharboardQuestionpaper.com

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें ।

प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है 5 × 2 = 10

(क) अब्दुर्रहीम खानखाना का जन्म 1553 ई० में हुआ था । इनकी मृत्यु 1626 ई० में हुई । ये अरबी, फारसी और संस्कृत के विद्वान तो थे ही, हिंदी के विख्यात कवि भी थे । ये सम्राट अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक थे । उनमें हिंदी के एक अन्य प्रसिद्ध कवि गंग भी थे । रहीम कवि अकबर के प्रधान सेनापति और मंत्री थे । इन्होंने अनेक युद्धों में भाग लिया था । युद्ध में सफलता प्राप्ति के कारण अकबर ने इन्हें जागीर में बड़े-बड़े सूबे दिए थे । रहीम बड़े परोपकारी और दानी थे । इनके हृदय में दूसरे कवियों के लिए बड़े सम्मान का भाव रहता था । गंग कवि के एक छप्पय पर रहीम ने उन्हें छत्तीस लाख रुपए दे दिए थे । जब तक रहीम के पास सम्पत्ति रही, वे दिल खोलकर दान देते रहे ।

(i) रहीम का जन्म और देहान्त किस वर्ष हुआ ?



BiharboardQuestionpaper.com

(ii) रहीम किन विषयों के विद्वान और किसके विख्यात कवि थे ?

(iii) सम्राट अकबर के नवरत्नों में हिंदी के प्रसिद्ध कवि कौन थे ?

(iv) रहीम कवि अकबर के क्या थे ?

(v) रहीम कैसे व्यक्ति थे ?

(ख) एक गुरुकुल था जिसके आचार्य बड़े विद्वान थे । एक दिन आचार्य ने सभी छात्रों को बुलाया और उनके सामने अपनी एक समस्या रखी कि उन्हें अपनी कन्या के विवाह के लिए धन की आवश्यकता है । गुरुजी ने सभी छात्रों से अपने-अपने घरों से चुपके से धन लाकर देने को कहा, जिसे कोई देखे नहीं । सभी छात्र गुरु के आदेश के अनुसार धन लाने लगे । लेकिन एक छात्र कुछ नहीं लाया । गुरु ने उससे पूछा कि क्या तुझे गुरु की सेवा नहीं करनी है ? उसने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है, लेकिन मुझे ऐसी जगह नहीं मिली जहाँ कोई मुझे देख न रहा हो । कोई दूसरा देखे न देखे मैं



BiharboardQuestionpaper.com

स्वयं तो अपने कुकर्मों को देखता हूँ। उसकी बातें सुनकर गुरु ने उसे गले से लगा लिया और अपनी कन्या का विवाह उसी छात्र से कर दिया।

(i) आचार्य ने अपने सभी छात्रों को बुलाकर अपनी किस समस्या के बारे में बताया ?

(ii) गुरु ने किस प्रकार से धन लाने के लिए शिष्यों को कहा ?

(iii) एक छात्र जो धन नहीं लाया, उसने धन नहीं लाने का कारण क्या बताया ?

(iv) गुरु ने धन नहीं लाने वाले छात्र को गले से लगा लिया। क्यों ?

(v) अपनी कन्या का विवाह गुरु ने किससे किया ?

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग **250 - 300** शब्दों में निबंध लिखें : 1 × 10 = 10

(क) छात्र और राजनीति

(i) भूमिका

(ii) महत्त्व

(iii) कर्त्तव्य

(iv) निष्कर्ष

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com

G

(ख) खेल का महत्त्व

(i) भूमिका

(ii) आवश्यकता

(iii) वर्तमान स्थिति

(iv) लाभ

(v) निष्कर्ष

(ग) दहेज प्रथा

(i) भूमिका

(ii) कारण

(iii) परिणाम

(iv) निवारण

(v) निष्कर्ष



BiharboardQuestionpaper.com

(घ) जल बचाओ

(i) भूमिका

(ii) आवश्यकता

(iii) लाभ

(iv) उपाय

(v) निष्कर्ष

(ङ) देशप्रेम

(i) भूमिका

(ii) महत्त्व

(iii) कर्त्तव्य

(iv) निष्कर्ष



BiharboardQuestionpaper.com

(ii) भावार्थ लिखें :

"बुरी है आग पेट की, बुरे हैं दिल के दाग; ये
न दब सकेंगे, एक दिन बनेंगे इंकलाब ये
गिरेंगे जुल्म के महल, बनेंगे फिर नवीन घर
अगर कहीं है स्वर्ग तो उतार ला जमीन पर ।।"

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com